# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025




**अयोध्या में वर्ल्ड रिकॉर्ड की तैयारी**

**शनिवार को धनतेरस के साथ ही दीपावली पर्व का हो रहा शुभारंभ**

# सरयू घाट पर आज 2100 आर्चकों की सामूहिक आरती से गूंजेगी रामनगरी

एजेंसी ▶▶| अयोध्या


रामनगरी अयोध्या इस दीपोत्सव पर एक ऐतिहासिक पल की गवाह बनने जा रही है। सरयू घाट पर शनिवार को 2100 आर्चक एक साथ दीप जलाकर भव्य आरती करेंगे। यह आयोजन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम शुक्रवार को अयोध्या पहुंची और पूरे कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी आर्चकों को रिकॉर्ड के मानकों के अनुसार विशेष प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में एक समान वेशभूषा, सामूहिक तालमेल और आरती की एकरूपता बनाए रखने पर खास ध्यान दिया गया। रिहर्सल के दौरान सरयू घाट पर अनुशासन, श्रद्धा और भव्यता का अनोखा संगम देखने को मिला। आयोजन की अगुवाई निश्चल बारोट कर रहे हैं जो इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं।



**गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम अयोध्या पहुंची :** इस विश्व रिकॉर्ड का उद्देश्य अयोध्या की आध्यात्मिक महिमा को वैश्विक मंच पर स्थापित करना है। आयोजन स्थल पर हजारों श्रद्धालु इस अद्भुत क्षण के साक्षी बनेंगे। दीपोत्सव के इस आयोजन से अयोध्या एक बार फिर विश्व मानचित्र पर अपनी चमक बिखेरने को तैयार है।

## राम मंदिर पूरी तरह से खुलेगा 25 को

श्री राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण अपने आखिरी चरण पर पहुंच चुका है। और अब इसके भव्य उद्घाटन की तारीख 25 नवंबर को तय की गई है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट ने इस बात की पुष्टि की है कि राम मंदिर का निर्माण करीबन पूरा हो चुका है और 25 नवंबर 2025 को ध्वज फहराने का भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में पीएम मोदी को भी आमंत्रित किया गया है। एएनआई के अनुसार, श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र का कहना है ''मंदिर परिसर में बनने वाला ऑडिटोरियम वर्ष 2026 के पहले छह महीनों में पूरा हो जाएगा।' श्रद्धालु राम मंदिर के पूरा होने के बाद जाना चाहते हैं, तो पहले जान लें इस बार किस खूबसूरती के साथ धार्मिक स्थल को तैयार किया गया है।





### पहली मंजिल पर जाने की नहीं है अनुमति

इस समय पहली मंजिल पर जाने की अनुमति नहीं है, ताकि उसकी पवित्रता बनी रहे। हालांकि, जो तस्वीरें जारी की गई हैं, उनमें एकदम चमकदार पत्थर, बारीक नक्काशी और सुंदर जड़ाई का काम दिखाई देता है, जिसमें भारत की प्राचीन वास्तुकला की झलक दिखाई देती है। यहां की हर चीज चाहे छत हो या फर्श, बहुत सोच-समझकर बनाई गई है, ताकि यह जगह एक साथ भव्य भी लगे और शांत, ध्यान लगाने योग्य भी महसूस हो।

# स्वदेशी तेजस ने भरी पहली उड़ान

**राजनाथ ने किया प्रॉडक्शन यूनिट का उद्घाटन**



एजेंसी ▶▶| नासिक

भारत का स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस ने एमके1ए नासिक में 17 अक्टूबर को अपनी पहली आधिकारिक उड़ान भरी। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद थे। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की नासिक फैक्ट्री में यह उड़ान थी। इसी दिन हॉल की एलसीए (लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट) के लिए तीसरी प्रोडक्शन लाइन और एचटीटी-40 ट्रेनर विमान की दूसरी प्रोडक्शन लाइन का उद्घाटन भी हुआ। यह भारत की रक्षा क्षमता को मजबूत बनाने का बड़ा कदम है।

**मल्टी-रोल फाइटर जेट :** तेजस भारत का अपना बनाया हुआ लड़ाकू विमान है। यह 4.5 पीढ़ी का मल्टी-रोल फाइटर जेट है, यानी यह हवाई रक्षा, जमीन पर हमला और समुद्री हमले सब कर सकता है। पहले तेजस एमके1 विमान पहले से ही वायुसेना में हैं, लेकिन एमके1ए इसका एडवांस्ड वर्जन है। इसमें नई तकनीकें लगी हैं, जो इसे और ताकतवर बनाती हैं।

**बिहार विधानसभा चुनाव : सारण में एनडीए की चुनावी जनसभा में अमित शाह ने कहा**

# 'लालू-राहुल की जोड़ी जंगलराज की वापसी का प्रतीक, 14 को मनाएंगे बड़ी दिवाली'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

■ 6 व 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान, 14 को आएंगे नतीजे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सारण के तरैया विधानसभा में एनडीए गठबंधन की ओर आयोजित जनसभा में विपक्ष खास कर कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि राहुल गांधी और लालू प्रसाद यादव की जोड़ी को 'जंगलराज की वापसी' का प्रतीक है। क्योंकि यह दोनों नेता बिहार को फिर से अराजकता की ओर धकेलने की कोशिश में लगे हुए हैं। बिहार में जब लालू यादव की सरकार थी, तब बिहार में अपहरण, हत्या और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था, लेकिन एनडीए की सरकार ने विकास, कानून व्यवस्था और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। शाह ने



कहा, बिहार विधानसभा चुनाव के बाद सूबे में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही बनेगी। बिहार की जनता ने यह तय कर लिया है कि नीतीश कुमार ही अगले मुख्यमंत्री होंगे। गृह मंत्री ने कहा कि बिहार की जनता को इस बार 'चार- चार दीपावली' मनाने का अवसर मिल रहा है। 14 नवंबर को जब बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे आएंगे और सभी सीटों पर एनडीए की जीत होगी, तब वह दिन बिहार की एक 'बड़ी दीपावली' होगी।



### 'जब राजद की सरकार आई, तबाही लेकर आई

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हिमाचल की हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से 5वीं बार के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर भाजपा के प्रचार के लिए बेतिया व रक्सौल पहुंचे। यहां से उन्होंने महागठबंधन पर हमला बोला और कहा कि आरजेडी और उनका महागठबंधन बिहार में मंगलराज से जंगलराज की वापसी चाहता है और बिहार में जब-जब आरजेडी की सरकार आई है, इन्होंने सिर्फ तबाही लाई है। अनुराग सिंह ठाकुर ने एनडीए उम्मीदवारों को भारी मतों से जिताने की अपील भी की।

## महागठबंधन में वीआईपी की डील फाइनल

### सहनी नहीं लड़ेंगे चुनाव बंटवारे में मिलीं 15 सीट

बिहार चुनाव के पहले चरण की विधानसभा सीटों पर नामांकन का शुक्रवार को आखिरी दिन था। अब तक महागठबंधन यह घोषणा नहीं की है कि किस दल को कितनी सीटें दी गई हैं। लेकिन पिछले कुछ दिनों से जिस बात को लेकर पेंच फंसा हुआ था, उसका समाधान हो गया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के करीबी और विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी की डील अंततः फाइनल हो गई है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने उन्हें महागठबंधन में उचित सम्मान का भरोसा दिलाया। साथ ही उनके खाते में 15 सीटें दी है। इतना ही नहीं मुकेश सहनी को राज्यसभा और विकासशील इंसान पार्टी के दो लोगों को विधान परिषद भेजा जाएगा, यह बात भी तय हो गई। सहनी ने दरभंगा में स्पष्ट कहा कि इस बार मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा। महागठबंधन को प्रत्याशियों को जिताने के लिए प्रचार-प्रसार करूंगा।



### इन सीटों पर उतारेंगे उम्मीदवार

डील मंजूर करने के बाद साहनी ने दरभंगा से अपने भाई को गौड़ाबौराम विधानसभा से चुनाव लड़ाने का एलान किया। इधर महागठबंधन में मुकेश साहनी के खाते में जो सीटें आई हैं, उनमें केसरिया, झंझारपुर, गोपालगंज, छातापुर, गौड़ाबौराम, भभुआ, रजौली, सहरसा, सकरा, अलीनगर, अमौर, हरनौत, नालंदा, बथनाहा, नौतन विधानसभा सीटें शामिल हैं।

# हिंदुस्तान पर टैरिफ ट्रम्प की गलती : पूर्व ऑस्ट्रेलियाई पीएम

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी एबॉट ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर भारी टैरिफ लगाकर गलत किया है।' उन्होंने कहा, 'पिछले 20 सालों में अमेरिका ने इस गलती को सुधारने की कोशिश की थी, लेकिन ये टैरिफ बड़ा झटका हैं।' एक चैनल के कार्यक्रम में बोलते हुए एबॉट ने अमेरिका-पाकिस्तान के बढ़ते रिश्तों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अमेरिका के हित भारत जैसे लोकतंत्र के साथ मजबूत दोस्ती में हैं, न कि पाकिस्तान में। एबॉट ने कहा, 'पाकिस्तान ने आतंकवाद पर अमेरिका का साथ दिया, लेकिन ओसामा बिन लादेन को दशक भर पनाह दी। पाकिस्तान में अच्छे लोग हैं, लेकिन भारत अलग है। अमेरिका को पाकिस्तान के साथ काम करना चाहिए, लेकिन बेहतर दोस्त कौन हैं, ये जानना जरूरी है।' एबॉट ने आगे कहा, '21वीं सदी भारत का है। इस देश का प्रधानमंत्री आने वाले चार या पांच दशक में अमेरिका से 'फ्री वर्ल्ड का लीडर' की जिम्मेदारी ले सकता है।'



### भारत चीन का मजबूत विकल्प

एबॉट ने कहा कि भारत अब एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। साथ ही भारत चीन का मजबूत विकल्प बनकर भी सामने आया है। उन्होंने कहा – भारत दुनिया का सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश है। हर भारतीय शहर में नई सड़कों, एयरपोट्‌र्स और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम चल रहा है।


Vishwabharti Automobiles Pvt. Ltd.
PROJECT BY
इस दिवाली को बनाइए Grand
खरीदिए ऑफिस का Brand
VB
VB TOWER
PCGRERA300922001535
The Signature of Success.
Only for Raipur's Top 150 Leaders.




FREE REGISTRY
ON EVERY BOOKING
PROJECT AMENETIES



Reception & Lobby



Sitout Area



Central Atrium

HIGH SPEED WIFI
FIRE SAFTEY
HIGH SPEED LIFTS
EASY ACCESS TO PARKING
BIG LANDSCAPE
Call For Details:
+91- 6262620136

◆ PRIME LOCATION: Strategically located near Raipur's elite zones — Vidhan Sabha Road, VIP Road & Ambuja Mall.
◆ UNMATCHED CREDIBILITY: Delivered by Vishwabharti Group, a name trusted for excellence.
◆ RERA & T&CP Approved: A project you can trust.
◆ DESIGNED TO IMPRESS: Ample Parking | Iconic Glass Elevation | High Visibility
www.vbtower.in
Above Vishwabharti Automobiles, Vidhan Sabha Road, Mowa, Raipur


UJJWAL
JEWELLERS
मां लक्ष्मी आए आपके द्वार
आपके जीवन में सुख-समृद्धि हो अपार
धनतेरस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विश्वास की चमक बचत का वादा
UJJWAL JEWELLERS
22K JEWELLERY
8% Onwards
MAKING CHARGES
DIAMOND JEWELLERY
8% Onwards
MAKING CHARGES
100% Hallmarked Jewellery
IGI / GIA Certified Diamonds Available
सबसे सही भाव
100% Buy Back Lowest Gold Rate
राशि रत्न उपलब्ध
Sunday Open
Valet Parking
www.ujjwaljeweller.com
Sadar Bazaar, Raipur I Mob. 6266861574


लोटस की दिवाली,
6 फायदों वाली!
LOTUS DEAL FESTIVAL
JEETO 5 CRORE KE INAAM
धन बचाओ
DISCOUNT VOUCHER FOR NEXT PURCHASE
UPTO 75% OFF
PRIVILEGE OFFER
DREAM PRODUCTS AT UNBELIEVABLE PRICES
धन पाओ
ADDITIONAL CASHBACK UPTO ₹25000
SHOPPING VOUCHER
PIZZA COUPON WORTH ₹250
धनतेरस मनाओ
ASSURED GIFTS
AVAIL GST REDUCED PRICES ON TVs & ACs AND MORE...
EXPRESS DELIVERY
25 YEARS OF TRUST
SERVICE SUPPORT
FINANCE DEALS
EXTENDED WARRANTY
EXPERT ADVICE
BEST COMPANY DEALS
LATEST PRODUCTS
TELEVISIONS
UPTO 70% Off
Range Starts ₹9,999
Cashback upto ₹25,000
ACs
UPTO 50% Off
Range Starts ₹27,999
Cashback upto ₹4,000
SMARTPHONES
UPTO 30% Off
Range Starts ₹7,999
Cashback upto ₹11,000
LAPTOPS
UPTO 50% Off
Range Starts ₹31,499
Cashback upto ₹10,000
AUDIOS
UPTO 70% Off
Range Starts ₹1,799
Cashback upto ₹6,000
REFRIGERATORS
UPTO 40% Off
Range Starts ₹8,999
Cashback upto ₹20,000
WASHING MACHINES
UPTO 35% Off
Range Starts ₹10,999
Cashback upto ₹7,000
SMART WATCHES
UPTO 80% Off
Range Starts ₹1,099
HDFC BANK
Up to ₹7500 Instant Discount* with HDFC Bank EASYEMI on Cards
Paper Finance Offer
BAJAJ
₹15000 Instant Cashback
On Transaction of ₹ 20000 & Above Paper Finance
GET 15% CASHBACK
IDFC FIRST Bank
UPTO ₹30000
Offer valid till 31st October. 25
HDB FINANCIAL SERVICES
REIMAGINING OPPORTUNITIES
CASHBACK UPTO ₹25000*
LOTUS
Electronics Supermarket
रिश्ता बेहतर ज़िन्दगी से...
BILASPUR : LINK ROAD, OPP. BHUKHARI PETROL PUMP, NEAR AGRASEN CHOWK
25 Showrooms | 9 Cities | Shop online at www.lotuselectronics.com or call : 9111-300-400 | Follow us: /lotuselectronics

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025





## चिंतन

# खुद के पाले आतंकवाद से लहूलुहान होता पाकिस्तान

हिन्दी की कहावत है कि जो दूसरों के लिए कुआं खोदता है, वो खुद उसमें गिरता है। ऐसा ही पाकिस्तान के साथ हो रहा है। पड़ोसी देश भारत में दहशर्दी फैलाने के उद्देश्य से आतंकवाद को पोषित कर रहा पाकिस्तान अब खुद लहूलुहान हो रहा है। हर दूसरे दिन देश के किसी न किसी हिस्से में धमाका हो रहा है और बेगुनाह नागरिक मारे जा रहे हैं। इतना सब होने के बाद भी पाक हुक्मरान सुधरने की बजाए आतंकवादियों को पनाह देकर खुद अपनी कब्र खोद रहे हैं। ये न केवल इंसानियत बल्कि इस्लाम को लहूलुहान करने जैसा है। पाकिस्तान नेताओं ने आतंकवादियों यानि बर्बर जानवरों को मानवता को घायल करने का लाइसेंस दे दिया है। देश में आतंकवादियों को अपना राष्ट्रीय उद्योग और राष्ट्रीय संपत्ति बन चुका है, लेकिन वहां के सत्ताधीश सुधरने को तैयार ही नहीं हैं। शुक्रवार को भी पाकिस्तान में अफगान बॉर्डर के नजदीक नॉर्थ वजीरिस्तान में आर्मी कैंप पर आत्मघाती हमला हुआ है। हमले में 7 सैनिक मारे गए हैं, जबकि 13 लोग घायल हो गए। हमलावरों ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी को मीर अली इलाके में बने आर्मी कैंप की दीवार से टकरा दिया। धमाके में गाड़ी चला रहा हमलावर भी मारा गया। इसके बाद 3 उग्रवादी कैंप के अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे, जो जवाबी कार्रवाई में मारे गए। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने मीर अली में सुरक्षा बलों पर हुए आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली है। टीटीपी ने कहा कि उनके खालिद बिन वलीद आत्मघाती दस्ते और तहरीक तालिबान गुलबहार ने इस हमले को अंजाम दिया। असल में 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमले का समर्थन किया। इससे नाराज होकर 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। जिसने कबायली इलाकों में शरिया कानून लागू किया और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगानिस्तान में विदेशी सैनिकों पर हमले किए। टीटीपी ने यूनिवर्सिटीज, धार्मिक नेताओं और नागरिक ठिकानों को भी निशाना बनाया, और यहां तक कि पाकिस्तान के बड़े शहरों में भी हमले किए। 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से टीटीपी ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध छेड़ रखा है। जो पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा आतंकवादी खतरा माना जा रहा है। पाकिस्तान सरकार आरोप लगाती है कि टीटीपी के लड़ाके सीमा पार अफगानिस्तान से ट्रेनिंग लेकर पाकिस्तान लौटते और हमला करते हैं। इसी के चलते बीते सप्ताह पाक ने अफगान में दो बार हवाई हमले भी किए और दावा किया कि इन हमलों में अनेक पाक विरोधियों का सफाया हो गया है। अब टीटीपी ने आत्मघाती हमला करके पाक को जवाब दिया कि ऐसा कुछ नहीं है, जैसा पाक दावा कर रहा है। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, देश में आतंकवादी हमले 2015 के बाद सबसे ज्यादा हो गए हैं, और टीटीपी इसकी मुख्य वजह है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के इन हमलों की वजह से ही पाकिस्तान आतंकवाद प्रभावित देशों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सबसे ज्यादा आतंक प्रभावित इलाके हैं। जहां वे जब चाहे हमले को अंजाम दे रहे हैं। पाक जिन आतंकवादियों को पाल रहा था, अब वो ही उसे जख्म दे रहे हैं। अब वहां के हुक्मरान अब भी नहीं चेते तो आतंकवाद अजगर की तरह पूरे पाक को ही निगल जाएगा।

# सुरक्षा मानकों की अनदेखी से हादसे



**बस दुर्घटना**
राजेश माहेश्वरी

आए दिन देशभर से चलती बसों में आग लगने की दुखद खबरें आती है। दो चार दिन के हो-हल्ले और बयानबाजी के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, पूरे देश में 12,502 बस दुर्घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें लगभग 4,000 लोगों की मौत और 21,000 से अधिक घायल हुए। लेकिन इन आंकड़ों की किसी को परवाह नहीं है। भ्रष्ट और सुस्त निगरानी तंत्र और सिस्टम का लाभ मुनाफाखोर बस संचालक उठाते हैं। बसों में आग के हादसों को रोकने के लिए नियमित निरीक्षण, बेहतर रखरखाव और बसों में स्वचालित अग्निशमन प्रणाली लगाना महत्वपूर्ण है।

राजस्थान के जैसलमेर में बीती 14 अक्टूबर को हुआ भीषण बस अग्निकांड महज एक दुर्घटना नहीं थी, बल्कि यह भारत की सड़क सुरक्षा व्यवस्था, नियामकीय ढांचे और प्रशासनिक लापरवाही की चौंका देने वाली मिसाल है। 21 निर्दोष लोगों की जान गई, दर्जनों जिंदगी भर के लिए झुलस गए। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या यह टाला नहीं जा सकता था? उत्तर है, हां, अगर सुरक्षा को प्राथमिकता मिलती और यदि हमारी व्यवस्था केवल मुआवजा देने तक सीमित न रहती, बल्कि जिम्मेदारी तय करने और सुधार लागू करने के लिए प्रतिबद्ध होती। 17 अक्टूबर को यूपी के गौतमबुद्ध नगर के दनकौर में यमुना एक्सप्रेसवे पर चलती बस में आग लग गई। लुधियाना से आगरा जा रही बस में लगभग 50 यात्री थे। बस की छत पर रखे सामान में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई, लेकिन सभी यात्री सुरक्षित बाहर निकल आए।

बीती 5 मई को लखनऊ में किसान पथ पर बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां एक बस में आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से दो बच्चों समेत पांच यात्रियों की जलकर मौत हो गई है। यह बस बिहार से दिल्ली जा रही थी। बात सिर्फ यूपी और राजस्थान की नहीं। ऐसी स्थिति कम या ज्यादा देश के हर राज्य की है। आए दिन देशभर से चलती बसों में आग लगने की दुखद खबरें आती हैं। दो चार दिन के हो-हल्ले और बयानबाजी के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, पूरे देश में 12,502 बस दुर्घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें लगभग 4,000 लोगों की मौत और 21,000 से अधिक घायल हुए। लेकिन इन आंकड़ों की किसी को परवाह नहीं है। भ्रष्ट और सुस्त निगरानी तंत्र और सिस्टम का लाभ मुनाफाखोर बस संचालक उठाते हैं। जिस बस में आग लगी, वह केके ट्रैवल्स की थी और इसे 14 दिन पहले ही खरीदा गया था। बस का रजिस्ट्रेशन 1 अक्टूबर को हुआ, 9 अक्टूबर को इसका परमिट जारी किया गया और 14 अक्टूबर को ही यह हादसा हो गया। बस का मॉडिफिकेशन प्रमाणित एजेंसी से नहीं हुआ था। सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल्स यानी सीएमवीआर के अनुसार, किसी भी व्यावसायिक वाहन में किए गए संशोधन की वैधता जरूरी है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका पालन शायद ही होता है। सवाल यह उठता है कि इतनी असुरक्षित बस को फिटनेस सर्टिफिकेट आखिर कैसे मिल गया? इससे विभागीय उदासीनता और संभावित भ्रष्टाचार की बू आती है। जैसलमेर की जिस बस में आग लगी, वह एक निजी स्लीपर कोच थी जिसे हाल ही में गैर-एसी से एसी में बदला गया था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि बस में शॉर्ट सर्किट, एसी कंप्रेसर का विस्फोट और ज्वलनशील फाइबर इंटीरियर की वजह से आग ने तेजी से पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। न इमरजेंसी एग्जिट था, ना खिड़कियों पर सुरक्षा हथौड़े, और मुख्य दरवाजा भी जाम हो गया, यात्री अंदर ही फंस कर जलते रहे। यह न केवल दुखद है, बल्कि शर्मनाक भी क्योंकि ये मौतें नीतिगत व प्रशासनिक चूक का सीधा नतीजा हैं। राजस्थान में अगर कायदे से चेक किया जाए तो हर बस में इमरजेंसी गेट के सामने या तो स्लीपर सीट बना दी गई या फिर उसे सामान रखने के लिए इस्तेमाल



किया जा रहा था। एक लग्जरी बस में आपातकालीन गेट के सामने फ्रिज और कॉफी मशीन फिट की गई थी। नियम के मुताबिक, इमरजेंसी गेट का रास्ता साफ होना चाहिए, लेकिन ऑपरेटर यात्रियों की जान की कीमत पर रुपये कमाने में जुटे हैं। अगर आग लगने, नदी में गिरने और बस पलटने जैसा हादसा हो तो यात्रियों का निकलना नामुमकिन है। राजस्थान सरकार ने इस घटना की तकनीकी जांच के लिए सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट यानी सीआईआरटी, पुणे को भी आमंत्रित किया है। सीआईआरटी अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगी। इस हादसे के बाद प्रदेश में चल रहे विशेष निरीक्षण अभियान के तहत अब तक 162 बसें जब्त की जा चुकी हैं। परिवहन विभाग ने सभी बस परिवहन संघों से अनुरोध किया है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और बसों में सुरक्षा मानकों के अनुसार आवश्यक सुधार किए जाने के बाद ही उनका संचालन सुनिश्चित करें।

अगर स्लीपर बसों की बात करें तो इसके लिए एआईएसः119 (आरईवी 1) प्रोविजन के तहत बस बॉडी का निर्माण होता है। आम भाषा में समझें तो सबसे पहले बस का चेचिस खरीदा जाता है, इसके बाद उन पर बॉडी का काम होता है। बॉडी बनाने के लिए कई नियमों का पालन करना होता है, जिसमें बस में लगने वाली सीटों की संख्या, बस का साइज आदि अहम है। इसके बाद चेसिस के हिसाब से बॉडी का निर्माण होता है। इसके बाद तीन जांच एजेंसियों से अप्रूवल लेना होता है, जिसमें यह तय होता है कि किस तरह की बस बनाई गई है। इसके बाद बस को फिटनेस आदि सर्टिफिकेट मिलते हैं। बस बनाने वाले बॉडी मेकर को ये सर्टिफिकेट लेना होता है। फिर बॉडी की जांच होती है और सर्टिफिकेट जारी होता है। इसके बाद बस सड़क पर चलने के लिए तैयार होती है। दरअसल, जो बड़े बॉडी मेकर हैं, वो समय पर सारे अप्रूवल ले लेते हैं, जो थोड़ा बड़ा और महंगा प्रोसेस है। ऐसे में जो बस वाले छोटे बॉडी मेकर से बस बनवाते हैं तो वे कागजों में बस की साइज, सीटों की संख्या कुछ और दिखाते हैं और हकीकत में बस की डिजाइन कुछ और होती है। आम तौर पर 13 मीटर बस की साइज का अप्रूवल आता है और फिर उसे 15 मीटर तक डिजाइन कर देते हैं। जैसे डबल एक्सल की साइज वाली बस को सिंगल एक्सेल चेसिस में बना देते हैं। इस दौरान कई बसों में फायर एग्जिट जैसी व्यवस्था भी करनी होती है। एक एसी स्लीपर बस को बनाने में करीब 26-27 लाख का खर्च आता है, जिसमें एसी का खर्च भी शामिल होता है।

इसमें बस की चेसिस और टायर आदि शामिल नहीं होते है। अगर कोई बस मालिक एसी खुद देते हैं तो 4 लाख का खर्च कम हो जाता है और फिर सिर्फ बॉडी और सीट का निर्माण किया जाता है। इस क्वालिटी में ही सुरक्षा का नजरअंदाज कर दिया जाता है। बताया जाता है इस दौरान खराब वायरिंग आदि की वजह से आग लगने की घटनाएं हो जाती हैं। जानकारों के मुताबिक, सर्दी की अपेक्षा गर्मी के दिनों में बसों में आग लगने के मामले तेजी से बढ़ जाते हैं। इसकी वजह होती है तेज धूप में बसों के इंजन और बॉडी का गर्म हो जाना। इंजन गर्म होने पर आग लगने का खतरा रहता है। इसके अलावा अगर बस में कोई भी तार इधर-उधर लटक रहा है तो उससे स्पार्क होने का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही डीजल टैंक से अगर डीजल या फिर मोबिल ऑयल लीक करता है तो शॉर्ट-सर्किट से आग पकड़ने की संभावना बढ़ जाती है। जानकारों के मुताबिक, बसों में आग के हादसों को रोकने के लिए नियमित निरीक्षण, बेहतर रखरखाव और बसों में स्वचालित अग्निशमन प्रणाली लगाना महत्वपूर्ण है। परिवहन के नियमों को सख्त बनाना और चालकों को प्रशिक्षण देना भी आवश्यक है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**धनतेरस विशेष**
कांतिलाल मांडोत




# धनतेरस पर्व पर करें परोपकार का संकल्प

कार्तिक वदि तेरस से अमावस (दीपावली) तक निरन्तर तीन विशेष पर्व मनाये जाते हैं, उसी प्रकार कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा तथा द्वितीया को भी विशेष प्रकार के कुछ उत्सव व समारोह आयोजित होते हैं। इन पर्वों को पंचपर्व कहते है। मानव जीवन के साथ तथा समाज एवं राष्ट्रीय धारा के साथ गहरा सम्बन्ध है। सर्वप्रथम धन-तेरस के बारे में चर्चा करते हैं। प्रत्येक पक्ष में तीज और तेरस का दिन शुभ माना जाता है। कहावत है-बिन पूछा मुहुरत भला, या तेरस या तीज। किन्तु कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की तेरस बड़ी शुभ और लाभकारी मानी जाती है। पता नहीं, इसे धन-तेरस नाम देने के पीछे क्या कल्पना रही होगी। मेरे विचार में इसका सम्बन्ध दीपावली पर लक्ष्मी पूजन करने से पूर्व धन देवता की पूजा-अर्चना करके उसे प्रसन्न करने से हो सकता है। भारत में हिन्दू समाज में कार्तिक कृष्ण तेरस को सूर्यास्त के पश्चात् लक्ष्मी पूजन होता है और घर के द्वार पर यम का एक दिया जलाया जाता है। पुराणों की मान्यता ऐसी है कि पितृपक्ष में पितृगण अपने परिवारजनों को देखने के लिए अदृश्य रूप में भूलोक में आते हैं। वे सबको देखकर इस दिन वापस अपने पितृलोक को लौट जाते हैं। इसलिए इस दिन एक दिया जलाकर पितृगण को विदा दी जाती है। यह एक रूढ़ लोकमान्यता है। भारतीय पुराणों में धन-तेरस के पीछे आयुर्वेद के प्राण-प्रतिष्टदायक धन्वन्तरि के प्रादुर्भाव की कथा जुड़ी हुई है। महाभारत और पुराणों के अनुसार यह माना जाता है कि देव-दानवों ने मिलकर जब समुद्र-मंथन किया तो उसमें चौदह दुर्लभ रत्न प्राप्त हुए। उसी समुद्र-मंथन में धन्वन्तरि हाथ में अमृत कलश लिए प्रकट हुए। धन्वन्तरि चिकित्सा विज्ञान के आदि पुरुष माने जाते हैं। धन्वन्तरि शब्द का अर्थ है-शल्पशास्त्र में पारंगत पुरुष। किन्तु सुश्रुत संहिता के अनुसार आयुर्वेद के आठों अंगों का निपुण वैद्य धन्वन्तरि कहा जाता है। कुछ पुराणों के अनुसार काशी का राजा दिवोदास धन्वन्तरि नाम से प्रसिद्ध हुआ जो आयुर्वेद का महान विद्वान था। धन्वन्तरि देवताओं के चिकित्सक आज की भाषा में फेमिली डॉक्टर माने जाते हैं। महाभारत आदि पुराणों के अनुसार कार्तिक वदी 13 के दिन धन्वतरि प्रकट हुए इसलिए यह धन तेरस धन्वन्तरि के जन्म-दिन के रूप में मनाई जाती है। धन्वन्तरि के हाथ में अमृत कलश यह सूचित करता है कि संसार में रोग के विषाणुओं का नाश करने के लिए उसने औषधि रूप अमृत प्रदान किया। समस्त संसार को आधि-व्याधि, रोग आदि से मुक्त करके मानब को सुखी और स्वस्थ बनाना ही धन्वन्तरि का लक्ष्य है। वैद्य प्राणियों के शरीर के रोगों की चिकित्सा कर उन्हें शान्ति पहुंचाता है, भगवान प्राणियों के आध्यात्मिक, मानसिक रोगों की चिकित्सा करते हैं, उनके जन्म-मरण, जरा-शोक की व्याधि दूर करने वाले महावैद्य हैं। वैद्य शब्द का अर्थ ही है-जो दूसरों की वेदना-पीड़ा को जानता हो, वह है वैद्य। दूसरों की पीड़ा नहीं समझने वाला अथवा दूसरों के दुःख-दर्द में भी जिसका दिल नहीं पसीजता हो, वह वैद्यराज नहीं। दूसरों की पीड़ा से बेपरवाह धन का लोभी वैद्य या डॉक्टर वैद्य नहीं, यमदूत होता है। ऐसे लोभी वैद्यों के लिए कवि कहता है- हे यमराज के बंधु वैद्यराज, तुम्हें दूर से ही नमस्कार करता हूँ। तुम वैद्यराज नहीं, यमराज से भी बढ़-चढ़कर हो, क्योंकि यमराज तो सिर्फ प्राणी के प्राणों का ही हरण करता है, किन्तु तुम तो प्राण भी ले लेते हो और धन भी ले जाते हो। आज धन-तेरस धन्वन्तरि का जन्म-दिन हमें इस आदर्श की प्रेरणा देता है कि संसार में आये हो तो प्रेम का, सेवा का अमृत बाँटो, दूसरों के दुःख-दर्द-पीड़ा दूर करो। इन आदर्शों पर चिन्तन करो और अपने जीवन को इन आदर्शों पर चलाने का संकल्प करो-यह आज धन-तेरस की प्रेरणा है। धन तेरस का अर्थ-धन की वर्षा से नहीं है। लोग आज के दिन चाँदी व ताँबे-स्टील के बर्तन खरीदकर धन-तेरस मनाते हैं, किन्तु असली धन-तेरस है-दुखियों के दुःख-दर्द दूर करने का संकल्प लेना। संस्कृत में इसका अर्थ होता है-धन + ते रसः-तुम्हारा रस यानी प्राण, मनोभाव धन्य हो जाये, दूसरों की सेवा करके तुम्हारा जीवन-रस कृतार्थ हो जाये तो समझो आज धन तेरस हो गई। यदि आज के दिन आपने एक भी दुःखी प्राणी का दुःख-दर्द मिटा दिया। किसी अस्पताल में जाकर रोगियों की सार-सँभाल ले ली, उन्हें सान्त्वना दी और उनको कुछ सुख-शान्ति पहुँचाई तो समझ लो आपकी धनतेरस वास्तव में धन्य तेरस हो गई। अन्यथा धन की पूजा करके चाहे तेरस मनाओ या चौदस, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। निःस्वार्थ और निरपेक्ष भाव से जितना बन सके दूसरों की सेवा-सहायता का संकल्प करना और उसके लिए अपनी धन-सम्पत्ति का सदुपयोग करना-यह लक्ष्मी के आमन्त्रण की पूर्व भूमिका है, बैकग्राउण्ड है। जो परोपकार करेगा लक्ष्मी स्वयं उसके द्वार पर आकर दस्तक देगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## एक सप्ताह अपने लिए निकालें



संकलित
**दर्शन**

श्वास और मन पर ध्यान देने से हमारा प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) मजबूत होता है। यदि आप शिशुओं को देखें, तो पाएंगे कि वे अत्यंत संतुलित तरीके से श्वास लेते हैं। वे पूरे शरीर से श्वास लेते हैं-जब वे श्वास अंदर लेते हैं, तो पेट बाहर आता है, और जब श्वास छोड़ते हैं, तो पेट भीतर चला जाता है। पर जैसे-जैसे हम तनावग्रस्त होते हैं, यह प्रक्रिया उल्टी हो जाती है। ऐसी बातें कोई सिखाता नहीं, बस सजगता चाहिए। पर हमारा मन इतना व्यस्त, विचारों, निर्णयों और प्रतिक्रियाओं से भरा होता है कि हम प्रकृति की इन सूक्ष्म बातों को देख ही नहीं पाते। इसलिए साल में एक बार, एक सप्ताह अपने लिए निकालें, जैसे आप कार की सर्विसिंग कराते हैं। उस समय प्रकृति के साथ सामंजस्य में रहें, सूर्योदय के साथ उठें, हल्का और आवश्यक मात्रा में भोजन करें, व्यायाम करें, योग, प्राणायाम, कुछ समय मौन रखें और प्रकृति का आनंद लें। जब हम प्रकृति से जुड़ते हैं, तो हमारी पूरी प्रणाली पुनर्जीवित हो जाती है। हम ऊर्जावान, उत्साही और प्रफुल्लित अनुभव करते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण है- जीवन में अधिक प्रसन्न रहना। चीजों को बहुत गंभीरता से न लें। थोड़ा सा आत्मज्ञान, अपने मन, चेतना और भ्रमों के मूल को समझना हमें जीवन को सुंदर बनाने में मदद करता है। हर व्यक्ति में सभी सद्गुण पहले से विद्यमान हैं, बस अज्ञानता की परतों से ढके हैं। हमें केवल उन्हें हटाना है और भीतर छिपे उन गुणों को प्रकट होने देना है।

## प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे?



संकलित
**प्रेरणा**

एक सेठ के घर के बाहर एक साधू महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूँ। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूँ। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे। सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूँ तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हाँ रोटी दूँगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूँगी तो वो आगे चले जायेंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़िये। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

## सिद्दी धमाल



*गुजराती जनजाति के कलाकारों ने गुरुवार, 16 अक्टूबर, 2025 को देर रात राजस्थान के जयपुर में जवाहर कला केंद्र में लोकरंग महोत्सव 2025 के दौरान सिद्दी धमाल पेश किया।*

## आज की पाती


### एआई से बदलेगा इलाज का भविष्य

अब तक फिल्मों में जिस तरह की हाईटेक मशीनों को देखा गया है, वह हकीकत बनने की ओर बढ़ रही है। यूरोप के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल विकसित किया है जो 1000 से ज्यादा बीमारियों का खतरा पहले से भांप सकता है। डेल्फी 2-एम नामक यह टूल किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य का विस्तृत पूर्वानुमान लगाकर अगले 10 साल या उससे भी आगे तक की बीमारियों के बारे में अलर्ट दे सकता है। इस एआई मॉडल को यूरोपियन मॉलिक्यूलर बायोलॉजी लेबोरेटरी, जर्मन कैंसर रिसर्च सेंटर और कोपनहेगन यूनिवर्सिटी ने मिलकर तैयार किया है। इसे ट्रेनिंग देने के लिए करीब 23 लाख लोगों का स्वास्थ्य डेटा इस्तेमाल किया गया। यह मॉडल बीमारियों का पैटर्न समझता है।

- **शंकर त्रिवेदी**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### एमआरओ सुविधा स्थापित



एचएएल नासिक डिविजन में अब सिविल और मिलिट्री एविएशन दोनों के लिए संयुक्त एमआरओ सुविधा स्थापित की गई है। यह दर्शाता है कि भारत में अब सिविल और मिलिट्री एविएशन एक ही मंच पर साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं।

-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### सच्चाई सामने आए



जुबिन गर्ग के मामले में सच्चाई जितनी जल्दी सामने आए, उतना ही बेहतर है, क्योंकि परिवार इस मामले की हकीकत जानना चाहता है। परिवार ने जुबिन को खो दिया है, और वे केवल यही चाहते हैं कि सच्चाई सामने आए।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### आत्मनिर्भर भारत बनाएं



इस दीपावली जब हम एक मिट्टी का दीया जलाएंगे तो उसकी रोशनी किसी कुम्हार के घर में भी उम्मीद जगाएगी। जब हम स्वदेशी मिठाई खरीदेंगे तो किसी छोटे व्यापारी के घर में समृद्धि की खुशबू फैल जाएगी। इस दीपावली जो भी खरीदें, वो स्वदेशी हो। आइए, मिलकर आत्मनिर्भर भारत बनाएं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### देशहित की बात



पहलगाम में उन्होंने धर्म पूछ कर मारा, हमने उनके घर में घुसकर आतंकी अड्डों व आतंक के आकाओं को नेस्तनाबूद किया। मगर जब भी बात देशहित की आती है, कांग्रेस-आरजेडी दूसरे पाले में दिखाई देते हैं।

-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा

## करंट अफेयर

# न्यूयॉर्क के महापौर एरिक ने दिवाली उत्सव की मेजबानी की



न्यूयॉर्क शहर के महापौर एरिक एडम्स ने अपने आधिकारिक आवास पर एक शानदार दिवाली उत्सव की मेजबानी की, जिसमें उन्होंने भारतीय समुदाय के सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया और शहर के सांस्कृतिक एवं आर्थिक ताने-बाने में उनके योगदान की सराहना की। यहां भारतीय मिशन ने बृहस्पतिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास की ओर से, उप महावाणिज्य दूत विशाल जे. हर्ष ने दिवाली की शुभकामनाएं दीं और ''त्योहार के प्रकाश, आशा और आनंद के चिरस्थायी संदेश'' के बारे में बात की। इसमें कहा गया, ''महापौर ने भारतीय समुदाय का गर्मजोशी से स्वागत किया और न्यूयॉर्क के सांस्कृतिक और आर्थिक ताने-बाने में उनके योगदान की सराहना की।'' गवर्नर कैथी होचुल ने भी फ्लशिंग, क्वींस स्थित बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में भारतीय समुदाय के साथ दिवाली उत्सव मनाया। पेंसिल्वेनिया, कनेक्टिकट और कैलिफोर्निया जैसे राज्यों ने दिवाली को आधिकारिक अवकाश घोषित कर दिया है। न्यूयॉर्क शहर में, दिवाली पर स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।

## ऑफ बीट

# एआई सामग्री में त्रुटियों से बढ़ रहा काम का बोझ



क्या आपने कभी अपनी नौकरी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल काम की गुणवत्ता या सटीकता की दोबारा जांच किए बिना किया है? अगर हां, तो आप अकेले नहीं होंगे। हमारे वैश्विक अध्ययन से पता चलता है कि कार्यस्थल पर एआई का इस्तेमाल करने वाले दो-तिहाई (66 प्रतिशत) कर्मचारी बिना मूल्यांकन किए एआई सामग्री पर निर्भर रहे हैं। इससे दूसरों के लिए त्रुटियों की पहचान और सुधार में काफ़ी अतिरिक्त काम पैदा हो सकता है, प्रतिष्ठा को नुकसान की तो बात ही छोड़िए। इसी हफ़्ते, कंसल्टिंग फ़र्म डेलॉइट ऑस्ट्रेलिया ने औपचारिक रूप से माफ़ी मांगी, क्योंकि संघीय सरकार के लिए तैयार की गई 440,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की एक रिपोर्ट में एआई से जुड़ी कई त्रुटियां पाई गईं। इसी पृष्ठभूमि में "वर्कस्लोप" शब्द चर्चा में आया है। हाल में हार्वर्ड बिज़नेस रिव्यू के एक लेख में प्रचलित, यह शब्द एआई द्वारा निर्मित ऐसी सामग्री को संदर्भित करता है जो देखने में तो अच्छी लगती है, लेकिन "किसी दिए गए कार्य को सार्थक रूप से आगे बढ़ाने के लिए इसमें उचित सामग्री का अभाव होता है।'' समय की बर्बादी के अलावा, कार्यस्थल पर "वर्कस्लोप" सहयोग और विश्वास को भी कम करता है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025



आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | = ₹93259/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | = ₹113900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | = ₹124333/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels

Pandri, Raipur

*Conditions apply





### ऐसे हथियार...

समर्पण करने वाले नक्सलियों ने अत्याधुनिक हथियार भी सौंपे। इनमें 19 एके 47 रायफल, 17 एसएलआर रायफल, 23 इंसास रायफल, 1 इंसास एलएमजी, 36 303 रायफल, 4 कारबाईन, 11 बीजीएल लांचर, 41 12 बोर सिंगल शॉट व 1 पिस्टल समेत 153 हथियार शामिल है।

### रेड कॉरपेट व रेड रोज के साथ समर्पण करने वाले नक्सलियों का हुआ स्वागत

# लाल गलियारा खाली, 210 नक्सलियों ने किया समर्पण, इनमें 153 हथियारबंद

*संभागीय मुख्यालय जगदलपुर के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक रहा। दर्जनों परगना के माझी, चालकी, गायता और पुजारियों की मौजूदगी में अब तक का सबसे बड़ा समर्पण हुआ। 210 नक्सली अत्याधुनिक हथियारों के साथ समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हुए। इन पर 9 करोड़ 18 लाख का ईनाम घोषित था। समर्पण के बाद सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा और अरूण साव मीडिया से रूबरू हुए।*

**संभाग के परगना माझी चालकी व समाज प्रमुखों की मौजूदगी में किया समर्पण**

**समर्पण करने वाले 210 नक्सलियों पर 9.18 करोड़ का था ईनाम**




तीन वर्ष तक आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्थानीय पुलिस लाइन में नक्सलियों के स्वागत के लिए रेड कॉरपेट डाला गया था। सभी नक्सलियों को सुसज्जित मंच में खड़ा किया गया, इस दौरान डीजीपी अरूण गौतम, एडीजी विवेकानंद सिन्हा, आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम व अन्य अधिकारी एक एक कर आ रहे नक्सलियों को संविधान की प्रति भेंट कर रहे थे। इसके बाद सभांग भर से आए विभिन्न परगना के माझी, चालकी, गायता, पुजारियों व मुण्डा बाजा वादकों ने समर्पण करने वाले सभी नक्सलियों को लाल गुलाब भेंटकर उनका स्वागत किया। समर्पण करने वाले अधिकांश नक्सली अपने काली व हरी वर्दी में थे। समर्पण करने वाले नक्सलियों में आज माड़ डिविजन की पूरी कमेटी, गढ़चिरौली की कमेटी, कंपनी वन, ▶▶|शेष पृष्ठ 8 पर



### उत्तर पश्चिम क्षेत्र हुआ नक्सलमुक्त : गृहमंत्री

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा कहा कि ने आज का दिन बस्तर के लिए ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल पर हम अपने संकल्प पूर्ति की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। बस्तर की जनता ▶▶|शेष पृष्ठ 8 पर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा

### आज का दिन ऐतिहासिक



*पुलिस लाइन में समर्पण के बाद पुलिस कॉर्डिनेशन सेंटर में मीडिया को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। 210 माओवादी कैडर समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए और यह सब छत्तीसगढ़ की बेहतर पुनर्वास नीति का सकारात्मक परिणाम है। सीएम ने आज के दिन को बस्तर समेत छत्तीसगढ़ और पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि रास्ता भटककर समाज से अलग हो चुके लोग आज गांधी जी के अहिंसा के विचार और सरकार के पुनर्वास नीति पर विश्वास कर मुख्यधारा व अपने समाज में लौटे हैं। इसमें आवास समेत अन्य जरूरी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। आवास नीति में भी हमने विशेष प्रावधान किया है, साथ ही नई उद्योग नीति में भी कई तरह के प्रावधान हैं। उन्होंने आत्मसमर्पित नक्सलियों के भविष्य को लेकर कहा कि हम उन्हें सरकार की सभी योजनाओं का लाभ प्रदान करेंगे ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो। उन्होंने कहा कि बड़ा दुःख होता है कि नक्सलवाद के कारण मरने वाले और मारने वाले दोनों को बहुत तकलीफ हुई। हमने सतत अध्ययन कर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में बेहतर से बेहतर पुनर्वास नीति तैयार की। इसी का परिणाम है कि आज माओवाद का रास्ता छोड़कर विकास की धारा से जुड़ रहे हैं।*




# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे मैचों में सर्वाधिक विकेट लेने वाले टॉप-5 गेंदबाज में दो भारतीय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे इतिहास की शुरुआत साल 1980 में हुई थी। अब तक दोनों देशों के बीच कुल 152 वनडे मैच खेले गए हैं, जिसमें सर्वाधिक विकेट हासिल करने वाले 5 खिलाड़ियों में दो भारतीय हैं। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे क्रिकेट में अब तक सिर्फ पांच ही गेंदबाज 40+ विकेट हासिल कर सके हैं।






**ब्रेट ली :** साल 2000 से 2012 के बीच ऑस्ट्रेलिया के इस दिग्गज तेज गेंदबाज ने कुल 32 मुकाबलों की 30 पारियों में 257.1 ओवर फेंके, जिसमें 21 की औसत के साथ 55 विकेट हासिल किए। इस दौरान ली ने भारत के विरुद्ध चार बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट हासिल किए।

**कपिल देव :** भारत को बतौर कप्तान वनडे विश्व कप खिताब जिताने वाले कपिल देव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साल 1980 से 1994 के बीच 41 मुकाबलों में कुल 338.4 ओवर फेंके, जिसमें 45 विकेट हासिल किए। इंग्लैंड के खिलाफ कपिल देव का सर्वश्रेष्ठ 43/5 रहा।



**मिचेल जॉनसन :** इस ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने साल 2006 से 2015 के बीच 220.3 ओवरों में कुल 43 विकेट हासिल किए। इस दौरान जॉनसन ने एक बार पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा भी किया।



**स्टीव वॉ :** ऑस्ट्रेलिया का यह दिग्गज खिलाड़ी लिस्ट में चौथे स्थान पर मौजूद है, जिसने साल 1986 से 2001 के बीच भारत के खिलाफ 53 वनडे मैच खेले। इस दौरान स्टीव वॉ ने 257.3 ओवर गेंदबाजी करते हुए 29.46 की औसत के साथ 43 विकेट हासिल किए।

### मोहम्मद शमी



भारत के तेज गेंदबाज ने साल 2013 से 2025 के बीच 215.4 ओवर गेंदबाजी की। इस दौरान शमी ने 42 विकेट हासिल किए। इस टीम के खिलाफ वनडे फॉर्मेट में शमी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 51/5 है।

## खबर संक्षेप



### मलेशिया को हराकर जोहोर कप के फाइनल में पहुंचा भारत

**जोहोर बाहरू।** भारत ने अपने अंतिम ग्रुप मैच में मेजबान मलेशिया को 2-1 से हराकर सुल्तान ऑफ जोहर कप जूनियर हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। भारत के लिए गुरजोत सिंह (22वें मिनट) और सौरभ आनंद कुशवाहा (48वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। मलेशिया की ओर से एकमात्र गोल 43वें मिनट में नवनीश पैनिकर ने किया। भारतीय टीम अब शनिवार को खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। भारत ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप में 12वीं बार हिस्सा लेते हुए रिकॉर्ड आठवीं बार फाइनल में जगह बनाई है।

### बोस्टन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची अनाहत

**नई दिल्ली।** मौजूदा महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने अमेरिका की चार्लोट सेज को हराकर 15 हजार डॉलर पुरस्कार राशि वाले पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट बोस्टन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता अनाहत ने पहले दौर में बाई मिलने के बाद अंतिम 16 दौर में स्थानीय खिलाड़ी सेज को 11-4, 11-6, 9-11, 11-8 से हराया।

**रणजी ट्रॉफी:** रजत के बल्ले से पिछली 8 फर्स्ट क्लास पारियों में अभी तक निकले 663 रन

# पाटीदार ने जड़ा दोहरा शतक, पंजाब के खिलाफ मध्यप्रदेश की मजबूत बढ़त

एजेंसी ▶▶| इंदौर

रजत पाटीदार ने जब से एमपी रणजी टीम की कमान संभाली है। वह कमाल पर कमाल कर रहे हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। रजत ने रणजी ट्रॉफी 2025 के पहले मुकाबले में दोहरा शतक लगाकर टीम इंडिया में वापसी की दावेदारी ठोक दी है। पंजाब के खिलाफ मध्य प्रदेश के नए कप्तान ने पहले ही मैच में दोहरा शतक ठोककर अपनी टीम को मजबूत बढ़ा दिला दी है। ये रजत पाटीदार के प्रथम श्रेणी करियर का 16वां शतक और पहला दोहरा शतक है। उनकी इस पारी की मदद से मध्यप्रदेश ने पंजाब के खिलाफ पहली पारी में 270 से ज्यादा रन की बढ़त बना ली है। रजत पाटीदार के बल्ले से पिछली 8 फर्स्ट क्लास पारियों में अभी तक 663 रन निकल चुके हैं। रजत पाटीदार ने 205 रन की नाबाद पारी खेली। स्टंप्स के समय पाटीदार के साथ अरशद खान (नाबाद 60) क्रीज पर मौजूद थे।

### सौराष्ट्र ने पहली पारी में बनाए 376 रन

**राजकोट।** कर्नाटक के लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल के आठ विकेट के बावजूद चेतन सकारिया (72 गेंद में 29 रन) और युवराज सिंह डोडिया (नाबाद 13) के बीच आखिरी विकेट के लिए 34 की साझेदारी के दम पर सौराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को पहली पारी में चार रन की बढ़त हासिल कर ली। सौराष्ट्र ने बीते दिन के स्कोर चार विकेट पर 200 रन से आगे खेलते हुए श्रेयस (110 रन पर आठ विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने 342 रन तक नौ विकेट गंवा दिए थे लेकिन सकारिया और डोडिया ने शानदार साझेदारी कर टीम को पहली पारी में चार रन की बढ़त दिला दी। कर्नाटक के 372 रन के जवाब में सौराष्ट्र ने पहली पारी में 376 रन बनाए।



**कर्नाटक की कुल बढ़त हुई 85 रन**

कर्नाटक ने दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में पांच विकेट पर 89 रन बना लिए, जिससे उनकी कुल बढ़त 85 रन की हो गई। स्टंप्स के समय मयंक अग्रवाल (31) और देवदत्त पडिक्कल (18) क्रीज पर मौजूद थे। श्रेयस ने प्रेरक मांकड़ (27) को पगबाधा कर कर्नाटक को दिन की पहली सफलता दिलाई। अनुभवी अर्पित वसावड़ा (58) और गाज्जार सम्मार (45) ने छठे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी के साथ सौराष्ट्र को 300 रन के करीब पहुंचाया। श्रेयस ने वसावडा को पगबाधा कर इस साझेदारी को तोड़ा।

### सौराष्ट्र ने गंवाए जल्दी जल्दी विकेट गंवाए

सौराष्ट्र ने इसके बाद जल्दी-जल्दी विकेट गंवाए, जिसमें शिखर शेट्टी ने जयदेव उनादकट को आउट कर टीम का स्कोर नौ विकेट पर 342 कर दिया। सकारिया और डोडिया ने लगभग 16 ओवर तक बल्लेबाजी कर कर्नाटक के बढ़त लेने के मंसूबों पर पानी फेर दिया। सकारिया ने छक्का लगाकर टीम की बढ़त को पक्का किया। वह इसके बाद श्रेयस का आठवां शिकार बनें।

### सैमसन ने केरल के लिए खेली अच्छी पारी

महाराष्ट्र ने तिरुवनंतपुरम में अपनी पहली पारी में 20 रन की बढ़त लेने के बाद दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 51 रन बना लिए, संजू सैमसन (54) और सलमान निजार (49) ने केरल के लिए अच्छी पारियां खेली लेकिन इसे बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे। केरल की टीम पहली पारी में 219 रन पर आउट हो गई। गोवा ने पोरवोरिम में पहली पारी में चंडीगढ़ को 137 रन पर आउट करने के बाद फालोऑन करते हुए 153 रन पर तीन विकेट झटक लिए। गोवा ने पहली पारी में 566 रन बनाए थे।

क्रिकेट

# टीम इंडिया के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलेंगे लाबुशेन

एजेंसी ▶▶| पर्थ



मार्नस लाबुशेन को रविवार से भारत के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए चोटिल ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की जगह ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया। ग्रीन मांसपेशियों में जकड़न के कारण श्रृंखला से बाहर रहेंगे क्योंकि चयनकर्ता अगले महीने शुरू होने वाली एशेज श्रृंखला से पहले कोई जोखिम नहीं लेना चाहते।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा, 'ग्रीन कुछ समय का रिहैबिलिटेशन पूरा करेंगे और एशेज की तैयारी जारी रखने के लिए शेफील्ड शील्ड के तीसरे दौर में खेलने की कोशिश करेंगे।' बयान में यह भी कहा गया कि ग्रीन का एकदिवसीय मैचों में नहीं खेलना एक एहतियाती कदम है। उनके स्थान पर चुने गए लाबुशेन शुरुआती टीम का हिस्सा नहीं थे लेकिन क्वींसलैंड के लिए शेफील्ड शील्ड मैच में 159 रन बनाने के बाद उन्हें टीम में शामिल किया गया है।


## कार्यालय नगर पंचायत बरेला, जिला - मुंगेली (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

क्र. 222/स्व.भा.मि. 20/2025-26 बरेला, दिनांक 16/10/2025

एकीकृत पजीयन प्रणाली अतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | Bid Due Date |
|---|---|---|---|
| 177945 | Design, Construction, Testing, Commissioning and setting up of Material Recovery Facility (MRF) & Compost Plant in Municipal Areas of Barela, Chhattisgarh (2nd call) | 53.72 | 31/10/2025 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत बरेला


## प्रथम पृष्ठ का शेष

### लाल गलियारा खाली, ....

कंपनी दस, संचार टीम, प्रेस टीम व डॉक्टर टीम शामिल थे। इनके समर्पण के साथ ही उत्तर-पश्चिम इलाका पूरी तरह नक्सलमुक्त हो गया है। समर्पित नक्सलियों में सेंट्रल कमेटी मेंबर (सीसीएम) सतीश उर्फ टी वासुदेव राव उर्फ रूपेश जो माड़ डिविजन में सक्रिय था और उस पर छग में 40 लाख तथा अन्य प्रदेशों में भी करोड़ों रुपए का ईनाम घोषित था। वहीं अन्य इनामी कैडर के नक्सलियों पर 5 लाख से 25 लाख तक के ईनाम घोषित किए गए थे। इनमें 111 महिलाएं और 99 पुरुष शामिल हैं। इन नक्सलियों ने 153 हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया है। यह लाल आतंक से मुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरेंडर करने के बाद मांझी चालकी समाज ने सरेंडर करने वाले नक्सलियों को अपने समाज में शामिल किया इसके लिए समाज के मुखिया ने नक्सलियों को लाल गुलाब देकर उनका समाज में स्वागत किया। शीर्ष नक्सलियों में ये शामिल-समर्पण करने वाले नक्सलियों में 40 लाख का ईनामी सीसीएम रूपेश उर्फ सतीश, 25-25 लाख के ईनामी डीकेएसजेडसी भास्कर उर्फ राजमन मण्डावी, रनीता, राजू सलाम, धन्नू वेती उर्फ संतू, 25 लाख का ईनामी आरसीएम रतन एलम के अलावा 10-10 लाख के ईनामी सीवायपीसीएम व 8-8 लाख के ईनामी डीवीसी सगनु ओयम, भास्कर, प्रसाद टडम, मंगतु गोटा, नंदे, रामजी गावड़े, मीना कोरसा (ऊश्ठ) 14. लखन कवासी, जैनु माडवी, दीपक मोहंदा, बोधराम कोडियामी, सोमड़ू कोडियामी, रीना उसेंदी, नीला सोढ़ी, कांती पोडियम, चंपा नरेटी, हीरालाल कोमरा, जुगनू कवाची, नरसिंह नेरम, मासो तामा, निर्मला व अन्य शामिल है। तीन वर्ष तक आर्थिक सहायता- सीएम साय ने कहा कि नियद नेल्लानार जैसी योजनाओं के तहत इन क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। पक्की सड़कों से कनेक्टिविटी बढ़ रही है। सीएम ने कहा कि आत्मसमर्पित लोगों को 3 वर्ष तक आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जिससे उनका जीवन अच्छा और अभावरहित बीत सके। यह रहे मौजूद- नक्सलियों के समर्पण व प्रेसवार्ता के दौरान मुख्यमंत्री व गृहमंत्री के अलावा डिप्टी सीएम अरुण साव, सांसद बस्तर महेश कश्यप, विधायक जगदलपुर किरण देव, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, छग ब्रेवरेज कारपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी डीजीपी अरुण देव गौतम, एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा के अलावा सीआरपीएफ, बीएसएफ एवं आईटीबीपी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर हरिस एस, एसपी शलभ सिन्हा समेत कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर जिले के एसपी व सीआरपीएफ, बीएसएफ एवं आईटीबीपी के अधिकारी मौजूद थे।

### उत्तर पश्चिम क्षेत्र हुआ ....

के मनोभाव के अनुरूप आज माओवादी संगठन के 210 लोगों ने पुनर्वास करने का निर्णय लिया और नये जीवन को चुना। सरकार से बड़ा समाज होता है यह सोचकर माओवाद संगठनों ने समाज के समक्ष पुनर्वास का निर्णय लिया गया। आज बस्तर में समाज के मानबिंदु मांझी, चालकी, गायता और पुजारियों ने समाज की मुख्यधारा में उनका में स्वागत किया। डिप्टी सीएम ने बताया कि जल्द ही और भी लोग हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण करने जा रहे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री ने 31 मार्च 2026 तक माओवाद के खात्मे का संकल्प किया था, यह संकल्प पूरा हो रहा है। मुख्यधारा में वापसी को लेकर ललक बढ़ रही है। आत्मसमर्पित लोगों के पुनर्वास को लेकर हमारी नीति स्पष्ट रूप से समझाई जा रही है। आज माड़ डिविजन की पूरी कमेटी, गढ़चिरौली की कमेटी, कंपनी वन, कंपनी दस, संचार टीम, प्रेस टीम, डॉक्टर टीम पूरी ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि अब उत्तर पश्चिम क्षेत्र पूरी तरह क्लीयर हो चुका है। मंच का संचालन आईजी सुंदरराज पी ने किया।

### रजिस्ट्री में अब ऋण ...

नही है। **नई ऋण पुस्तिका मिलने में होती है देर-** पंजीयक का कहना है कि यह देखने में आया है कि भौतिक ऋण पुस्तिका की कमी अथवा अन्य कारणों से क्रेता किसानों को जमीन खरीदी बिक्री के बाद नई ऋण पुस्तिकाएं समय पर नहीं मिल पाती हैं, इससे पक्षकारों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा शासन की छवि भी खराब होती है। **जानकारी स्वतः अपडेट हो जाती है-** प्रदेश में दस्तावेजों का ऑनलाईन पंजीयन वर्ष 2017 से किया जा रहा है तथा भुईयां से किसानों को नक्शा, खसरा व बी-1 की प्रति भी ऑनलाइन प्राप्त हो रही है। विक्रेता के स्वामित्व के वेरिफिकेशन हेतु पंजीयन सॉफ्टवेयर का भुईया के साथ इंटीग्रेशन किया गया है जिससे पंजीयन के समय दस्तावेज में वर्णित तथ्यों का राजस्व विभाग के डाटा से ऑनलाइन मिलान होने पर पंजीयन की कार्यवाही की जाती है। शासन द्वारा राजस्व विभाग के सॉफ्टवेयर में ऑटो म्यूटेशन का प्रावधान किया गया है। जिसके तहत भूमि के पंजीयन के साथ ही स्वतः खसरे का बटांकन होकर नवीन बी-1 जनरेट हो जाता जिसमें क्रेता एवं विक्रेता के पास धारित भूमि की जानकारी स्वतः अद्यतन हो जाती है। है।

### 15 हजार रुपए घूस लेते ...

गे हाथों पकड़वाना चाहता था, इसलिए शिकायत की थी। एन्टीकरप्शन ब्यूरो ने शिकायत सत्यापन करने के उपरांत कार्रवाई की तैयारी की। इस दौरान प्रार्थी और आरोपी के बीच 17 अक्टूबर को शेष 15 हजार रुपए देने की बात तय हुई। इस पर एन्टीकरप्शन ब्यूरो की टीम पहले से मुस्तैद रही। तय बातचीत के आधार पर शुक्रवार 17 अक्टूबर को प्रार्थी उमेश कुमार चंद्रा बीएमओ राजेन्द्र पटेल को रुपए देने पहुंचा। उसने जैसे ही 15 हजार रुपए दिए, वहां पहले से तैनात एन्टीकरप्शन ब्यूरो की टीम ने उसे दबोच लिया। उसके कब्जे से रिश्वत की रकम जब्त की गई और आरोपी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी राजेन्द्र कुमार पटेल को धारा 7 पीसी एक्ट 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) के तहत गिरफ्तार किया।

### 12 हजार की रिश्वत लेते पकड़े...

दुर्घटनाकारित करने वाले आरोपी अश्विनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी। इसी बीच विवेचक एएसआई पोलीकार्प टोप्पो द्वारा दुर्घटनाकारित करने वाले वाहन स्वामी आरोपी से कहा गया कि वह 10 हजार रूपए देगा तो मामला रफादफा करा देगा और कोर्ट से उन्हें मुआवजा भी दिला देगा, लेकिन आरोपी रिश्वत की रकम देना नहीं चाहता था, बाद में 10 हजार रूपए की जगह 15 हजार रूपए रिश्वत की मांग की जाने लगी थी, इस पर वाहन स्वामी ने एसीबी अंबिकापुर कार्यालय में इसकी शिकायत कर दी थी। एसीबी की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से एएसआई के सहायक राजू देवांगन को पटना के पुराना थाना परिसर में 12 हजार रूपए रिश्वत दिया गया, इसके बाद इशारा करने के साथ ही एसीबी की टीम ने रिश्वत लेने वाले को रंगो हाथों पकड़ लिया और इस मामले में एएसआई को भी गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के विरूद्ध पुलिस ने धारा 7, 12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी एएसआई व पुलिस मित्र को गिरफ्तार किया।

### बारिश के कारण श्रीलंका द.अफ्रीका का मैच रूका

कोलंबो। दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच शुक्रवार को महिला विश्व कप मैच को मेजबान टीम की पारी के 12वें ओवर के बाद बारिश के कारण रोकना पड़ा।


## छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-अम्बिकापुर

**प्रथम निविदा आमंत्रण**

विज्ञापन क्र :-146

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, वृत्त अम्बिकापुर के संभाग अम्बिकापुर अंतर्गत अटल विहार योजना सरगवां अम्बिकापुर हेतु बाउण्ड्रीवाल एवं डब्ल्यूएम. एम. रोड के शेष निर्माण कार्य हेतु निविदा दिनांक 06.11.2025 तक एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाईट www.cghb.gov.in एवं पर http://eproc.cgstate.gov.in उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग अम्बिकापुर के मो.नं. -9424209101 पर संपर्क करें।

S.- 45654 उपायुक्त



## न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला कोरबा छ.ग.

**ईश्तहार**

प्र.क 202510050600040/अ-6/2024-25
ग्राम-रामपुर .प.ह.नं. 17

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिक निगम कोरबा के पत्र क्रमांक/फा.क./संपदा/15/2025/10918 कोरबा दिनांक 14.10.2025 अनुसार ग्राम रामपुर स्थित भूमि ख0नं0 884, 886, 887, 888, 890, 892 रामपुर विघटित विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकारण कोरबा द्वारा अर्जित/शासन द्वारा प्रदत्त भूमियां है, चूंकि संदर्भित अधिसूचना दिनांक 09 जून 1998 के द्वारा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण कोरबा का विघटन कर नगर पालिक निगम कोरबा स्थानीय निकाय घोषित किया गया है, किन्तु उपरोक्त भूमियां वर्तमान तक राजस्व अभिलेखों में अध्यक्ष, विशेष विकास प्राधिकरण के नाम पर दर्ज है। अतएव मध्यप्रदेश शासन/ छ0ग0 शासन द्वारा जारी नगर अधिसूचना अनुसार विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण कोरबा के नाम पर राजस्व रिकार्ड में दर्ज संपत्ति/भूमि ख0न0 884, 886, 887, 888, 890, 892 रामपुर की भूमियों को नगर पालिक निगम कोरबा के नाम पर नामांतरित करने हेतु पत्र प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 7/11/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
कोरबा



## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला स्वास्थ्य समिति, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)
email: cmhojanjgir@gmail.com

क्रमांक/एन.एच.एम./संविदा भर्ती 2024/7095 जांजगीर, दिनांक 16/10/2025

**// सूचना//**

**(05 संवर्ग के 48 संविदा पदो का कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार की सूचना)**

कार्यालयीन पत्र क्र/ एनएचएम/2023-24/2515 जिला जांजगीर-चांपा दिनांक 12.03.2024 के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में जिला स्तर के रिक्त 48 संवर्ग के 148 संविदा पदों की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। जिसमे से 05 संवर्ग के 48 संविदा पदो हेतु पात्र अभ्यार्थियो की 1:10/1:05 की सूची जिले के वेबसाईट www.janjgir-champa.gov.in में दिनांक 13.06.2025 को जारी किया गया था जिसमें शामिल अभ्यार्थियो के लिये कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार का आयोजन शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय जिला अस्पताल परिसर जांजगीर जिला जांजगीर चांपा छ.ग. में तिथिवार निम्नानुसार किया जा रहा है :-

| क्र. | पदनाम | कुल अभ्यार्थियो की संख्या | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Community Health Officer | 120 | 30.10.2025 | प्रात: 09:00 से 11:00 बजे तक पंजीयन । पंजीयन पूर्ण होने उपरांत लिखित परीक्षा आयोजित किया जावेगा। |
| 02 | MPW (Male) UHWC (15th Finance) | 30 | 30.10.2025 | प्रात: 09:00 से 11:00 बजे तक पंजीयन। पंजीयन पूर्ण होने उपरांत कौशल परीक्षा / साक्षात्कार आयोजित किया जावेगा। |
| 03 | Counsellor (NHM) | 67 | 06.11.2025 | प्रात: 09:00 से 11:00 बजे तक पंजीयन। पंजीयन पूर्ण होने उपरांत कौशल परीक्षा / साक्षात्कार आयोजित किया जावेगा। |
| 04 | Staff Nurse (NBSU/SNCU) | 81 | 07.11.2025 | प्रात: 09:00 से 11:00 बजे तक पंजीयन । पंजीयन पूर्ण होने उपरांत लिखित परीक्षा आयोजित किया जावेगा। |
| 05 | ANM (RBSK/NUHM) | 20 | 07.11.2025 | प्रात: 09:00 से 11:00 बजे तक पंजीयन । पंजीयन पूर्ण होने उपरांत लिखित परीक्षा आयोजित किया जावेगा। |
| | Total | 318 | | |

जिसे जिले के वेबसाइट www.janjgir-champa.gov.in में भी अवलोकन किया जा सकता है एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला जांजगीर चांपा छ.ग. के नोटिस बोर्ड में भी चस्पा किया गया है।
(गठित चयन समिति द्वारा अनुमोदित)

संवाद-45663

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)



## कार्यपालन अभियन्ता (संचारण / संधारण) संभाग

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, कोरबा

क्र. कार्यको/विज्ञा. / 5632 कोरबा, दिनांक 17.10.2025

**" आवश्यक सूचना "**

कार्यपालन अभियन्ता (संचालन / संधारण) संभाग, छ.स्टे. पॉ. डिस्ट्री. कं. लिमि, कोरबा के दीपका उप-संभाग अंतर्गत आने वाले सर्व सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली के शुभ अवसर पर विद्युत व्यवधान के त्वरित सुधार की सुविधा के लिये दिनांक 18.10.2025 से दिनांक 20.10.2025 तक उनके नाम के समक्ष दर्शाये गये निर्धारित स्थानों एवं समय पर फ्यूज आफ काल ड्यूटी लगाया जाता है।

| क्र. | वितरण केंद्र/ उपसंभाग | स्थान | मोबाइल क्र. | कर्मचारी का नाम | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दीपका उपसंभाग | विद्युत उपकेन्द्र बोईदा | 9009402576 | श्री पंकज सिंह ठाकुर | 4 pm से 12 am तक |
| | | विद्युत उपकेन्द्र दीपका | 9098709569 | श्री त्रिलोक कुमार | 4 pm से 12 am तक |
| | | विद्युत उपकेन्द्र हरदीबाजार | 9770129393 | श्री निलज ध्वज | 4 pm से 12 am तक |
| | | विद्युत उपकेन्द्र भिलाईबाजार | 9131981622 | श्री राज कुमार केंवट | 4 pm से 12 am तक |
| | | विद्युत उपकेन्द्र कनकी | 7587217547 | श्री वेंकटेश्वर साहु | 4 pm से 12 am तक |
| 1 | हरदीबाजार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र हरदीबाजार | 9399706027 | श्री गिरवर सिंह कंवर | संपूर्ण दिवस |
| | | हरदीबाजार मुख्यालय | 9329615631 | रविन्द्र प्रताप सिंह | संपूर्ण दिवस |
| | | उत्तरदा मुख्यालय | 9826368448 | अनिलेश कुमार राम | संपूर्ण दिवस |
| | | उतरदा मुख्यालय | 6268421400 | विरेन्द्र कुमार पटेल | संपूर्ण दिवस |
| | | कोरबी मुख्यालय | 8770409544 | सत्यप्रकाश श्रीवास्तव | संपूर्ण दिवस |
| | | कोरबी मुख्यालय | 8305030687 | किर्तन लाल राठिया | संपूर्ण दिवस |
| 2 | दीपका | विद्युत उपकेन्द्र ढुरैना | 9827945125 | श्री केशव प्रसाद | 4 pm से 12 am तक |
| | | विद्युत उपकेन्द्र दीपका | 9755510116 | श्री राजेश बंजारे | 4 pm से 12 am तक |
| | | बजरंग चौक दीपका | 8839759966 | श्री भानू प्रताप साहू | 4 pm से 12 am तक |
| | | विद्युत उपकेन्द्र दीपका | 6261165453 | श्री नागेश्वर सिंह भानू | 4 pm से 12 am तक |
| | | विद्युत उपकेन्द्र दीपका | 7987060695 | श्री रविशंकर खरिया | 4 pm से 12 am तक |
| | | बजरंग चौक दीपका | 7000145320 | श्री विमलेश कुमार पटेल | 8 am से 4 pm तक |
| | | बजरंग चौक दीपका | 6267235750 | श्री विजय कुमार टोप्पो | 8 am से 4 pm तक |
| | | विद्युत उपकेन्द्र दीपका | 9009157076 | श्री सूरज सिंह नेताम | 8 am से 4 pm तक |
| | | विद्युत उपकेन्द्र दीपका | 8269211339 | श्री यशवंत कुमार साहू | 12 am से 8 am तक |
| 3 | दीपका | भिलाई बाजार मुख्यालय | 9171887757 | श्री पुन्नी लाल राठौर | संपूर्ण दिवस |
| | | कनकी मुख्यालय | 7999312877 | संजय निर्मलकर | संपूर्ण दिवस |
| | | कनकी मुख्यालय | 6264243638 | योगेश चौहान | संपूर्ण दिवस |
| | | कनकी मुख्यालय | 7999957114 | संदीप कोशले | संपूर्ण दिवस |
| | | गेवरा मुख्यालय | 7999846433 | मो.नासिर | संपूर्ण दिवस |
| | | गेवरा मुख्यालय | 9340714716 | विरेन्द्र पैगवार | संपूर्ण दिवस |

नोट :- विद्युत संबंधी कार्य के निराकरण हेतु निम्नानुसार क्षेत्रवासियों द्वारा संबंधित सहायक अभियन्ता कनिष्ठ अभियन्ता से दुरभाष से संपर्क किया जा सकता है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | सहायक अभियन्ता दीपका उपसंभाग प्रभारी | मो. 8770829038 |
| 2 | वितरण केन्द्र दीपका प्रभारी | मो. 7987904529 |
| 3 | वितरण केन्द्र हरदीबाजार प्रभारी | मो. 8319306489 |
| 4 | वितरण केन्द्र भिलाईबाजार प्रभारी | मो. 8319306489 |

**'विद्युत देयक का भुगतान समय सीमा में करते हुये विद्युत विच्छेदन जैसी अप्रिय परिस्थितियों से बचें एवं कम्पनी को सहयोग प्रदान करें।**

कार्यपालन अभियन्ता (सं./सं.)
छ.स्टे. पॉ. डिस्ट्री.कं. लिमि, कोरबा

सं-45650

बिलासपुर

शनिवार, 18 अक्टूबर 2025

कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वादशी

वर्ष : 25, अंक : 206

पृष्ठ : 12+12= 24 मूल्य : 5 .00***

मौसम

अधि. 31.4

न्यून. 22.4

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं


## गुजरात कैबिनेट में फेरबदल : जातीय समीकरण का भी रखा गया ध्यान

# भूपेंद्र सरकार में संघवी होंगे डिप्टी सीएम जडेजा की पत्नी बनीं मंत्री, 19 नए चेहरे शामिल

**एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद**

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल करते हुए 19 नए चेहरों को शामिल किया है। नवगठित मंत्रिमंडल में पिछली टीम के छह सदस्यों को बरकरार रखा, जिनमें हर्ष संघवी को उपमुख्यमंत्री बनाया गया। क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रीवाबा जडेजा को भी मंत्रिमंडल में जगह दी गई है। इस फेरबदल के साथ मंत्रिपरिषद में अब मुख्यमंत्री सहित कुल सदस्यों की संख्या 17 से बढ़कर 26 हो गई है।

बता दें कि 182 सदस्यीय गुजरात विधानसभा में अधिकतम 27 मंत्री हो सकते हैं। आरक्षण आंदोलन से पहचान बनाने वाले हार्दिक पटेल, अल्पेश ठाकोर और जयेश रादडिया जैसे चर्चित नामों को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल सकी है। ज्ञात हो कि गुरुवार को 16 मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया था, लेकिन इनमें से छह मंत्रियों के इस्तीफे मुख्यमंत्री ने स्वीकार नहीं किए थे। यह कैबिनेट पुनर्गठन 2027 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों से दो साल पहले और स्थानीय निकाय चुनावों से कुछ महीने पहले किया गया है। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने सभी नए मंत्रियों और कैबिनेट मंत्री या स्वतंत्र प्रभार वाले मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नई कैबिनेट में जातीय समीकरण का भी ध्यान रखा गया है।



### चार साल बाद सरकार में उपमुख्यमंत्री की वापसी

पिछली कैबिनेट में गृह राज्य मंत्री रहे हर्ष संघवी की पदोन्नति हुई है। नए मंत्रिमंडल में संघवी को उपमुख्यमंत्री बनाकर सरकार में दूसरे नंबर के पायदान पर पहुंचाया गया है। भूपेंद्र पटेल के पिछले चार वर्षों के कार्यकाल में यह पहली बार है कि राज्य में किसी उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत विजय रूपाणी के नेतृत्व वाली सरकार में यह पद नितिन पटेल के पास था, जिसे 2021 में समाप्त कर दिया गया था।

### इन मंत्रियों की हुई छुट्टी

मुख्यमंत्री ने इस फेरबदल में 10 मंत्रियों को हटाया है, जिनमें उद्योग मंत्री बलवंतसिंह राजपूत, कृषि मंत्री राघवजी पटेल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भानुबेन बाबरिया और वन एवं पर्यावरण मंत्री मुलु बेरा जैसे वरिष्ठ नेता शामिल हैं। नई मंत्रिपरिषद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ा है। नए मंत्रिमंडल में तीन महिलाएं शामिल की गई हैं।

### अब ऐसा है नया मंत्रिमंडल

नए 19 मंत्रियों में से जीतू वघानी, मनीषा वकील, ईश्वरसिंह पटेल और नरेश पटेल राज्य की भाजपा सरकारों में अलग-अलग समय पर मंत्री रह चुके हैं। मंत्रिपरिषद में अब 25 मंत्रियों में से नौ कैबिनेट स्तर के, तीन स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री और 13 राज्य मंत्री हैं।

### इन-इन मंत्रियों की भी हुई पदोन्नति

इन छह में से तीन, कनुभाई पटेल, रुशिकेश पटेल और कुंवरजी बावलिया पहले कैबिनेट मंत्री थे, जबकि सांघवी, प्रफुल पनशेरिया और पुरुषोत्तम सोलंकी राज्य मंत्री थे। इनमें से केवल हर्ष संघवी को पदोन्नत कर उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। वहीं पनशेरिया को स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। मंत्रिमंडल में रीवाबा जडेजा ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। पार्टी ने जीतू वघानी, अर्जुन मोढवाडिया और मनीषा वकील को मंत्री के रूप में काम करने का अवसर दिया है। पोरबंदर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले मोढवाडिया ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

### इनको मिली मंत्रिपरिषद में जगह

कनुभाई देसाई, पुरषोत्तम सोलंकी, नरेश पटेल, अहमदाबाद की पूर्व डिप्टी मेयर दर्शना वाघेला, गुजरात भाजपा एससी मोर्चा के पूर्व प्रमुख प्रद्युमन वाजा, मोरबी विधायक कांतिलाल अमरुतिया और वडोदरा विधायक मनीषा वाकिल को भी मंत्रिपरिषद में जगह मिली है। गुरुवार को गुजरात सीएम भूपेंद्र पटेल को छोड़कर मंत्रिपरिषद के अन्य सभी मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया था। गुजरात भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और भावनगर से विधायक जीतू वाघाणी, अमरेली से विधायक और भाजपा के डिप्टी चीफ व्हिप कौशिक वेकारिया, स्वरूपजी ठाकोर, टीकाराम छंगा, जयराम गमित, जामनगर उत्तर विधायक रिवाबा जडेजा, पीसी बारांढा, दाहोद विधायक रमेश कटारा, अंकलेशअवर विधायक इश्वरसिहं पटेल, दीसा विधायक प्रवीण माली, बारसोड विधायक रमनभाई सोलंकी, पेटलाद विधायक कमलेश पटेल, महुधा विधायक संजय सिंह महिद्रा को भी मंत्रिपरिषद में जगह मिली है।

**सौराष्ट्र-कच्छ से सबसे अधिक 9 मंत्री बनाए गए**

भूपेंद्र पटेल मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल में सौराष्ट्र-कच्छ से 9 मंत्री बनाए गए हैं। मध्य गुजरात से 6 मंत्री है, उत्तर गुजरात से 5 मंत्री और अहमदाबाद से दर्शना वाघेला मंत्री बनी हैं। दक्षिण गुजरात से 4 विधायकों को मंत्री पद दिया गया है।

# रजिस्ट्री में अब ऋण पुस्तिका की जरूरत नहीं, पंजीयक ने जारी किया आदेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

छत्तीसगढ़ में अब जमीन जायदाद यानी अचल संपत्ति की रजिस्ट्री के दौरान ऋण पुस्तिका पेश करने की जरूरत नहीं होगी। इस संबंध में पंजीयन महानिरीक्षक ने आदेश जारी कर दिया है। दरअसल सरकार का मानना है कि रजिस्ट्री के दौरान दस्तावेज में शुल्क अवधारणा के या पंजीयन के उद्देश्य से ऋण पुस्तिका की कोई विशेष प्रासंगिकता नहीं होती है। पंजीयन अधिकारियों के लिए ऋण पुस्तिका के तथ्यों की सत्यता जांचने का कोई प्रावधान नहीं है। आईजी पंजीयन पुष्पेंद्र मीणा ने रजिस्ट्री अधिकारियों को पत्र लिखकर इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किया है। पत्र के मुताबिक कृषि भूमि के राजस्व अभिलेख की प्रविष्टियों का इंद्राज कर किसानों को ऋण पुस्तिका जारी की जाती है। इसके अलावा किसानों को समय समय पर दिये जाने वाले ऋण, बंधक आदि का रिकार्ड भी ऋण पुस्तिका में दर्ज किया जाता है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में राजस्व अभिलेख ऑनलाईन कर दिये गये हैं तथा भूमि पर भारित ऋऋण की प्रविष्टि ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाती है। राजस्व अभिलेखों के गिरदावरी संबंधी रिकार्ड ऑनलाईन अद्यतन होते हैं जो ऋण पुस्तिका में अद्यतन(अपडेट) नहीं हो पाते हैं। पंजीयन अधिकारियों के द्वारा रजिस्ट्री के समय ऑनलाईन प्रविष्टियों से डाटा मिलान किया जाता है,दस्तावेज में शुल्क अवधारण के या पंजीयन के उद्देश्य से त्रण पुस्तिका की कोई विशेष प्रासंगिता नहीं होती है। पंजीयन अधिकारियों के लिए ऋण पुस्तिका के तथ्यों की सत्यता जांचने का कोई प्रावधान ▶▶|शेष पृष्ठ 8 पर



### इसलिए जरूरत ही नहीं है

प्रदेश में भूमि के पंजीयन से लेकर अन्य कार्य ऑनलाईन हो रहे हैं, जिसके तहत पंजीयन प्रणाली को पेपरलेस भी किया गया है। भुईयां पोर्टल पर भूमि का बी 1, खसरा एवं नक्शा आदि ऑनलाईन उपलब्ध है एवं मान्य भी है अतः अब भौतिक रूप से प्रदाय की जा रही ऋण पुस्तिका या किसान किताब की पंजीयन के लिए आवश्यकता नहीं है। इसीलिए दस्तावेजों के पंजीयन के लिए किसानों/पक्षकारों से ऋण पुस्तिका की मांग न की जाए। भूमि के स्वामित्व, फसल विवरण एवं पंजीयन के लिए प्रासंगिक अन्य तथ्यों की पुष्टि ऑनलाइन डाटा से अनिवार्य रूप से की जाए।

**सक्ती जिले के डभरा का मामला**

# 15 हजार रुपए घूस लेते ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-सक्ती**


सक्ती जिला अंतर्गत डभरा में विकासखंड चिकित्सा अधिकारी को 15 हजार रुपए घूस लेते एन्टीकरप्शन ब्यूरो की टीम ने धर दबोचा। उसे भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि अपने ही ऑफिस के बाबू से यात्रा भत्ता निकालने के नाम पर उसने 32 हजार रुपए घूस मांगे थे, जिसमें से दूसरी किश्त 15 हजार रुपए को लेते हुए उसे पकड़ा गया। इस संबंध में एन्टीकरप्शन ब्यूरो की टीम से मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय डभरा में लिपिक के पद पर कार्यरत उमेश कुमार चंद्रा निवासी डभरा ने एन्टीकरप्शन ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी शिकायत में उसने विकासखंड चिकित्सा अधिकारी राजेन्द्र कुमार पटेल पर उसकी यात्राभत्ता निकालने के एवज में 32 हजार 500 रुपए रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। साथ ही यह भी बताया था कि पहले किस्त में उसने 16 हजार 500 रुपए उसने दे दिए है और इसके बाद मोलभाव करने के उपरांत 15 हजार रुपए की मांग और की जा रही है। एन्टीकरप्शन ब्यूरो के मुताबिक प्रार्थी उमेश कुमार चंद्रा रिश्वत देना नहीं चाहता था। वह आरोपी बीएमओ को ▶▶|शेष पृष्ठ 8 पर

- **क्लर्क का यात्रा भत्ता बनाने मांगे थे रुपए**

### 12 हजार की रिश्वत लेते पकड़े गए एएसआई और पुलिस मित्र

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के पुलिस विभाग में रिश्वत लेने के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) अंबिकापुर की टीम ने शुक्रवार को पटना थाना में तैनात एएसआई और पीएलवी को 12 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मो. शाह खान आत्मज गुलाम नबी उम्र 40 वर्ष निवासी खैरबना हाल मुकाम टेंगनी पण्डोपारा के द्वारा शिकायत दर्ज करायी थी कि बीते 24 अप्रैल 2024 में उसकी पुत्री रजिया उम्र 10 वर्ष को ग्राम खोड पंडोपारा निवासी अश्विनी कुमार ने अपनी बाइक से एक्सीडेंट कर दिया था, इससे उसकी पुत्री रजिया का एक पैर टूट गया था। इस मामले में आरोपी से यह सहमति बनी थी कि जो भी इलाज में खर्च आएगा वह वहन करेगा। आरोपी ने शुरुआत में इलाज के लिए 25 हजार रुपए की राशि दी, लेकिन बाद में इलाज के खर्च देने में आनाकानी करने लगा। इस पर प्रार्थी मो. शाह खान द्वारा सितंबर 2025 को थाना पटना में ▶▶|शेष पृष्ठ 8 पर





**सुप्रीम कोर्ट का अदालतों को निर्देश**

# रोजमर्रा के मामलों में न दें सीबीआई जांच का आदेश

**हरिभूमि न्यूज : नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सांविधानिक अदालतों को सामान्य या रोजमर्रा के मामलों में सीबीआई जांच का आदेश नहीं देना चाहिए। ऐसा आदेश केवल खास और गंभीर परिस्थितियों में ही सावधानीपूर्वक दिया जाना चाहिए। जस्टिस जेके. माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक आदेश को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में कथित हेराफेरी की जांच सीबीआई से कराने का निर्देश दिया था। बेंच ने कहा कि सीबीआई से जांच कराने का आदेश आखिरी विकल्प के तौर पर देखा जाना चाहिए। ऐसा आदेश केवल तब दिया जाना चाहिए, जब सांविधानिक अदालत को यह पुख्ता भरोसा हो जाए कि जांच प्रक्रिया की निष्पक्षता और ईमानदारी से समझौता हुआ है।

शीर्ष कोर्ट ने कहा जब आरोप इतने जटिल, बड़े पैमाने पर या राष्ट्रीय स्तर पर असर डालने वाले हों तभी सीबीआई जांच का आदेश दिया जाना उचित है।



### हर मामला सीबीआई जांच का आधार नहीं

शीर्ष कोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा कि अदालत के पास सीबीआई को जांच का आदेश देने की शक्ति जरूर है लेकिन केवल इसलिए कि कोई पक्ष राज्य पुलिस पर कुछ आरोप लगा रहा है या उसके प्रति अपनी व्यक्तिगत अविश्वास की भावना जाहिर कर रहा है, तो यह सीबीआई जांच का आधार नहीं बन सकता। सीबीआई जांच का आदेश देना कोई सामान्य प्रक्रिया नहीं होनी चाहिए।




© 2025 Caterpillar. All Rights Reserved. CAT, CATERPILLAR, LET'S DO THE WORK, their respective logos, "Caterpillar Corporate Yellow", the "Power Edge" and Cat "Modern Hex" trade dress as well as corporate and product identity used herein, are trademarks of Caterpillar and may not be used without permission.


# नए एच-1बी वीजा शुल्क को लेकर ट्रंप प्रशासन पर मुकदमा


**एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन**

अमेरिकी वाणिज्य मंडल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा सभी नए एच-1बी वीजा याचिकाओं पर एक लाख डॉलर का शुल्क लगाने के फैसले के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। संगठन ने इसे भ्रमित करने वाली नीति और स्पष्ट रूप से अवैध बताया है, जो अमेरिकी नवाचार और प्रतिस्पर्धा को कमजोर कर सकती है। शिकायत में कहा गया कि राष्ट्रपति का यह आदेश कांग्रेस द्वारा तय की गई फीस और 85,000 कुशल लोगों को अमेरिका में काम करने की अनुमति देने वाले प्रावधानों के विपरीत है। इससे अमेरिकी व्यवसायों को या तो श्रम लागत बढ़ानी होगी या कुशल कर्मचारियों की भर्ती घटानी पड़ेगी। यह मुकदमा कोलंबिया की जिला अदालत में दायर किया गया है। इसमें 19 सितंबर को जारी राष्ट्रपति के एक आदेश को चुनौती दी गई है।



### अफगानिस्तान में भूकंप, जम्मू-कश्मीर में भी झटके

**जम्मू।** अफगानिस्तान की धरती शुक्रवार को भूकंप के झटके से दहल गई. रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.6 दर्ज की गई. भूकंप के झटके जम्मू-कश्मीर में भी महसूस किए गए. भूकंप के झटके अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा पर महसूस किया गया. इससे पहले एक सितंबर को पूर्वी अफगानिस्ता के नांगरहर प्रांत में 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था जिसमें 800 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 2500 से ज्यादा लोग घायल हुए थे. नांगरहर और कुनार जैसे पूर्वी प्रांत पाकिस्तान सीमा पर हैं, जहां फॉल्ट लाइन्स सक्रिय हैं. पृथ्वी की सतह कई प्लेटों से बनी है. ये प्लेटें धीरे-धीरे हिलती रहती हैं। जब दो प्लेटें टकराती या रगड़ खाती हैं, तो ऊर्जा निकलती है यही भूकंप है. बता दें कि रिक्टर मैग्नीट्यूड स्केल 1 से 9 तक होती है. भूकंप की तीव्रता को उसके केंद्र यानी एपिसेंटर से नापा जाता है।




सीमित अवधि ऑफर

प्रतिदिन EMI ₹59$ से शुरू

डाउन पेमेंट ₹999$ से शुरू

विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹2 200~ तक

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY^ *Conditions apply

Hero GoodLife — पाएं जीतने का मौका: 100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Splendor+ and HF Deluxe in Chhattisgarh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो, 9289922706, अंबिकापुरः आनंद हीरो, 9289922359, सरगुजा हीरो, 9289923110, कोरबाः शांति हीरो, 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो, 9289923057, रायगढ़ः गोयल हीरो, 9289922373, आदित्य हीरो, 9289923091, जांजगीरः आनंद हीरो, 9289922772, बैकुंठपुरः आर.के. हीरो, 9289922812, जशपुरः आकाश हीरो, 9289922909, एसोशिएट डीलरः खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415, चौराः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सरियाः अग्रवाल ऑटो सेण्टर, 9993121909, गौरेलाः श्री माँ नर्मदा मोटर्स, 7587796622/7587796611, सनावलः सोनी ऑटोमोबाइल्स, 9479235816, रतनपुरः माँ महामाया मोटर्स, 9754240437/8839972027, बलोदाः श्री कमला ऑटो, 9926515216, मरवाहीः राहुल ऑटोमोबाइल्स, 8889467369/8719087320, मुगेलीः महावीर, 9993855199, मनेन्द्रगढ़ः विवेक ट्रेडर्स, 6261178785, कटघोराः श्री शारदा एंटरप्राइज, 9809809925, शिवरीनारायणः सुल्तानिया ऑटो केयर, 9407600319, सक्तीः गोयल ऑटो, 9303571001/7000490324, खरसियाः विजय ऑटो एजेंसी, 9993093829, सीतापुरः श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांवः ज्योति ऑटो, 9406399000, सारंगढ़ः गोपाल ऑटो सेंटर, 9827893203, सूरजपुरः आशा ऑटोमोबाईल्स, 9826440096, अकलतराः श्री ऑटो, 9424174274, कोटाः उर्मिला मोटर्स, 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स, 6268000180/8718888789, रामानुजगंजः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 8827674000, बाराद्वारः दुर्गा ऑटो एजेंसी, 8319982160, उदयपुरः बंसत ऑटोमोबाईल्स, 9406022927, तपकराः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुरः तायल ऑटोमोबाईल्स, 9617218005, पटनाः आयुश ऑटोमोबाईल्स, 8839141926, पालीः आनंद ऑटोमोबाईल्स, 7089519999, राजपुरः महामाया एजेंसी, 9516209272/9340726288, मदनपुरः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपतः मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, महापालीः साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, लखनपुरः पीएन ऑटोमोबाइल्स, 8839193005, बटौलीः इच्छा ऑटोमोबाइल्स, 8770232677, कुसमीः बोल्बम ऑटो, 8120191597, विश्रामपुरः ख़ुशी ऑटोमोबाइल, 9826775718, झरगांवः ऐबानी मोटर्स, 7849000000, रामानुजनगरः जयसवाल ऑटो, 9926015773, बलंगीः नमो ऑटोमोबाइल्स, 9977876863, भैयाथानः आनंद ऑटोमोबाइल्स, 9977221111, प्रेमनगरः मानस ऑटोमोबाइल्स, 9131301594, लोरमीः महेश मोटर्स, 7974700929, खैरागढ़ः पुष्पक बिक्री, 9425554343, भानपुरीः अपराशा ऑटोमोबाइल्स, 9981009491, ऐडिशनल वर्कशॉपः अम्बिकापुरः आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज, 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः ओरियन ऑटोव्हील्स, 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्क्सः उरगाः बालाजी सर्विस स्टेशन, 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः बिलासपुर (सकरी): सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पाः आनंद हीरो, 7909901444, कोरबाः शांति हीरो, 7440299000, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुरः सत्या हीरो, 9289922464, खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com